प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11.00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के तीन दिन के दौरे में आज ऐतिहासिक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे। वर्ष 1026 में सोमनाथ मंदिर पर पहले हमले के एक हजार वर्ष और आजादी के बाद 1951 में इसके पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर इसका आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वालों के सम्मान में आयोजित शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। वे सोमनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। इसके बाद सोमनाथ में जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री राजकोट में जीवंत गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

धर्माणी

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों और अन्य मंत्रियों ने भी बैठक में भाग लिया। प्रदेश की ओर से तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने हिमाचल प्रदेश को भूकंपीय जोन छह के अंतर्गत केन्द्र सरकार से नए मापदंड में आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेश के लिए राजस्व घाटा अनुदान को पांच साल की औसत निकालकर जारी करने का आग्रह किया। धर्माणी ने केन्द्र से पहाड़ी राज्यों के लिए अलग से नियम बनाने का आग्रह भी किया। इसके अलावा उन्होंने बीबीएमबी के प्रोजेक्टों में हिमाचल की हिस्सेदारी का मामला और पडोसी राज्यों से इसका बकाया दिलाने की मांग भी उठाई।

मधु विकास योजना

किन्नौर जिला में मुख्यमंत्री मधु विकास योजना बागवानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर न केवल शहद उत्पादन बढ़ाया जा रहा है, बल्कि सेब सहित अन्य फलों की फसलों की पैदावार में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देकर न केवल शहद उत्पादन बढ़ाया जा रहा है, बल्कि सेब सहित अन्य फलों की फसलों की पैदावार में भी वृद्धि हो रही है। योजना के अंतर्गत 50 मधु कॉलोनी और 50 मधु मक्खी गृह पर 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जिसमें अधिकतम 80 हजार रुपये प्रति लाभार्थी की सहायता शामिल है। मधु प्रोसेसिंग यूनिट के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। किन्नौर के बागवानों का कहना है कि बागानों में मधुमक्खियों की संख्या बढ़ने से परागण बेहतर हुआ है, जिससे सेब की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में सुधार देखने को मिला है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से किसानों और बागवानों की आमदनी बढ़ाने के साथ–साथ प्राकृतिक खेती और रोजगार के नए अवसरों को भी बढ़ावा देना है।

विश्व पुस्तक मेला

53वां विश्व पुस्तक मेला नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो गया है। मेले में देश–विदेश के लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों को एक मंच पर आने का अवसर मिलेगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। पहाड़ों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक ठंड से लोग खासे परेशान है। प्रदेश के 12 स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया जा रहा है। प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने के बावजूद उपरी क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्रोत जमना शुरू हो गए हैं। वहीं कोहरे और धुंध के कारण कई ट्रेनें लेट चल रही हैं। मौसम विभाग ने 16 जनवरी तक बारिश व बर्फबारी न होने का पूर्वानुमान जताया है।

<u>प्रदेश में 12 स्थानों पर रात का तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया है। मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, बरठीं, बिलासपुर, पालमपुर में भीषण शीतलहर दर्ज की गई है। राज्य में औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से कम चल रहे हैं।जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति के कुकुमसेरी में पारा माइनस 10.9 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। यहां घरों की पानी की पाइपें जम गई हैं। किन्नौर और ऊंचाई वाले इलाकों में भी हालात ऐसे ही हैं। राजधानी शिमला में भी रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, वहीं सुबह के समय सड़कों पर फिसलन बढ़ने से वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर, मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर में भी कोहरे का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार पूरे प्रदेश में 16 जनवरी तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है।</u>